फर्रुखाबाद में कृषि विभाग की बड़ी कार्रवाई, 25 लाख की नकली कीटनाशक बरामद

फर्रुखाबाद: जिला में मंगलवार रात की देर रात सूचना पर पांचाल घाट स्थित एक घर के परिसर में अधिकारियों ने छापा मारकर 25 लाख रुपये की नकली कीटनाशक पकड़ी है. अधिकारियों ने लोडर मंगवाकर नकली कीटनाशक को कब्जे में ले लिया.

उपकृषि निदेशक अरविंद मोहन मिश्र ने बताया कि कन्नौज से फर्रुखाबाद के अधिकारियों को सूचना दी. इस पर मंगलवार रात उपकृषि निदेशक अरविंद मोहन मिश्र ने जिला कृषि रक्षा अधिकारी सतीश कुमार, नायब तहसीलदार हर्षित, संबंधित कंपनी के अधिकारियों, पांचाल घाट चौकी प्रभारी के साथ पांचाल घाट स्थित लालू मार्केट के पास एक घर के परिसर में छापा मारा. वहां पेड़ के नीचे 252 गत्ते तिरपाल से ढके रखे मिल गए. कंपनी के अधिकारियों ने गत्ते देख कीटनाशक नकली होने की पुष्टि की.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/state/officials-in-farrukhabad-conduct-raid-seize-fake-pesticides-worth-25-lakh-in-farrukhabad-ups26050600763